K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR
ASSESSMENT - I (2023-24)

GRADE: V — **MARKS: 40**
SUB: HINDI — **TIME: 2 Hrs**

सूचनाएँ = १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है। (Objective Questions)
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

खंड (क) पठित = अंक २०

प्रश्न १) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

रात हो चली थी। केशव बहुत थका हुआ था, पर आँखों में नींद कहाँ? वह धीरे-से अपने पिता के बिस्तर में घुस गया। पिता ने मुस्कराकर कहा, "तुम तो अभी से इतने प्रसिद्ध हो गए हो।"

"बादशाह सलामत ने कहा है कि एक दिन मैं बहुत बड़ा कलाकार बनूँगा।" अपने सिर को पिता की बाँहों के सहारे टिकाकर केशव धीरे-से बोला, "हमारे बादशाह बहुत ही नेक इंसान है।" "बिल्कुल सही।" पिता ने कहा। कुछ सोचकर केशव ने पूछा, "बाबा, एक बात बताओ, बादशाह के पास आगरा में एक से बढ़कर एक खूबसूरत महल हैं। फिर वे सीकरी में यह शहर क्यों बनवा रहे हैं?"

क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए। **(२अंक)**

१) केशव बहुत ______ हुआ था।

२) बादशाह के पास ________ में एक से बढ़कर एक खूबसूरत महल हैं।

ख) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा। **(२अंक)**

१) "तुम तो अभी से इतने प्रसिद्ध हो गए हो।"

२) "हमारे बादशाह बहुत ही नेक इंसान है।"

ग) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **(१अंक)**

१) बादशाह सलामत ने क्या कहा है?

प्रश्न २) स्वमत (स्व-अध्ययन पर प्रश्न) **(२अंक)**

१) आपको कौन-सा त्योहार सबसे अच्छा लगता है और क्यों? इस दिन आपकी दिनचर्या क्या रहती है?

प्रश्न ३) क) निम्नलिखित शब्द का विलोम शब्द लिखिए। **(१अंक)**

१) शहर ×

ख) निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए। **(२अंक)**

१) धूम मचना -

२) अँगूठा छाप -

प्रश्न ४) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

साड़ी तो वह कपड़े वाला
कभी-कभी दे जाता है
अम्मा तुमने तो लाकर के
मुझे दे दिए पैसे चार
कौन खिलौना लेता हूँ मैं
तुम भी मन में करो विचार।
तुम सोचोगी मैं ले लूँगा।
तोता, बिल्ली, मोटर, रेल
पर माँ, यह मैं कभी न लूँगा
ये तो हैं बच्चों के खेल।
मैं तलवार खरीदूँगा माँ
या मैं लूँगा तीर-कमान
जंगल में जा, किसी ताड़का
को मारूँगा राम समान।

क) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए। (२अंक)

१) अम्मा ने बच्चे को चार पैसे दिए है।

२) साड़ी दूधवाला दे जाता है।

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए। (२अंक)

१) बच्चा कौन-सा खिलौना खरीदना चाहता है?

I) तलवार II) तोता III) मोटर

२) बच्चा कहाँ जाना चाहता है?

I) जंगल II) शहर III) गाँव

ग) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (१अंक)

१) बच्चा अपनी माँ को क्या सोचने के लिए कहता है?

प्रश्न ५) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीर्घ लिखिए। (२अंक)

१) कविता में तरह-तरह के खिलौने लेकर कौन और कौन-से खिलौने लेकर आया है?

प्रश्न ६) क) निम्नलिखित शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए। (१अंक)

१) रात्रि -

ख) निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द खोजकर लिखिए। (२अंक)

१) वह जापान में रहता है।

२) हमारी मित्रता हमेशा याद रहेगी।

खंड (ख) अपठित = अंक १०

प्रश्न १) निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

पक्षी उड़ने वाले जीव हैं। ये आसमान में पंख फैलाकर उड़ते हैं तो आकर्षक दृश्य उपस्थित हो जाता है। प्रभात और सायंकाल में इनकी किलकारी से धरती गुंजित हो उठती है। इनके निवास से वन-प्रांतों की शोभा निखर उठती है। पक्षी हमेशा बच्चों को आकर्षित करते हैं। वे विभिन्न प्रकार, रंग और प्रकृति के हैं। हमारे पास सबसे छोटा पक्षी है- हमिंग बर्ड और सबसे बड़ा एक-शुतुरमुर्ग। हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर भी एक बड़ा, सुंदर पक्षी है। पक्षी विभिन्न रंगों के होते हैं। तोते-हल्के हरे, कबूतर-हल्के भूर तथा सफेद आदि। कबूतर, गौरैया, तोता आदि शांत स्वभाव के होते हैं। बाज, चील, पतंग, गिद्ध, कौआ आदि शिकारी हैं।

क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए। **(२अंक)**

१) पक्षी उड़ने वाले ________ हैं।

२) पक्षी विभिन्न _________ के होते हैं।

ख) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाए। **(२अंक)**

१) वन = २) प्रभात =

ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए। **(२अंक)**

१) बच्चों को आकर्षित कौन करता है?

२) हमारे राष्ट्रीय पक्षी का नाम क्या है?

प्रश्न २) क) उचित जगह पर विराम चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए। **(२अंक)**

१) लोनपो गार का बेटा शहर पहुँच गया

२) फूल कब खिलते हैं

ख) निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द खोजकर लिखिए। **(२अंक)**

१) मैं सुबह जल्दी उठती हूँ।

२) यह रोहन की गाड़ी है।

खंड (ग) लेखन = अंक १०

प्रश्न १) क) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक विषय</u> पर निबंध लिखिए। (५अंक)

१) समय का महत्त्व २) मेरा प्रिय खेल

ख) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक विषय</u> पर पत्र लिखिए। **(५अंक)**

१) निबंध प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने मित्र / सहेली को बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए ।

२) व्यायाम का महत्त्व बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

****